दैनिक जागरण

Date: 11-03-2018 Page No. 4

NEC
a link with electricity

नई डिजिटल तकनीक को अपनाना होगा

ग्रेटर नोएडा में उपराष्ट्रपति ने किया इलेक्रामा 2018 का आगाज, 120 देशों के प्रतिनिधि हुए शामिल

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने बिजली क्षेत्र की सबसे बड़ी प्रदर्शनी इलेक्रामा 2018 के तेरहवें संस्करण का दीप जलाकर आगाज किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के स्थाई समाधान के लिए नई डिजिटल तकनीक को अपनाना होगा। भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दूसरे पायदान पर काबिज हैं। इलेक्रामा 2018 प्रदर्शनी में आने वाले करीब 120 देशों से तीन सौ विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधि समेत 1200 प्रदर्शक इस पल के गवाह बने।

शनिवार सुबह उपराष्ट्रपति इस प्रदर्शनी का शुभारंभ करने एक्सपो मार्ट पहुंचे। इनके साथ केंद्रीय वाणिज्य उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु व प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना भी इस समारोह के हिस्सा बने। उद्घाटन के बाद सुरेश प्रभु व सतीश महाना ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टाल का निरीक्षण किया व प्रदर्शकों के साथ बाजार में आने वाली चुनौतियों के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि इलेक्रामा 2018 प्रदर्शनी विश्व भर के बिजली उपकरणों के निर्यातक व उत्पादकों के लिए विश्वस्तरीय कार्यक्रम हैं। इलेक्रामा के अध्यक्ष गोपाल काबरा ने बताया कि एसोसिएशन के साथ करीब 800 से जयादा सदस्य जुड़े हैं। कुल टर्नओवर करीब 42 बिलियन डॉलर से अधिक है। 2022 तक इलेक्ट्रिक उपकरणों का निर्यात लक्ष्य के आसपास पहुंच जाएगा।

फिल्मी सितारों ने जमाया रंग : इलेक्रामा 2018 में सिने अभिनेताओं का आना-जाना लगा रहा। निजी स्टाल के शुभारंभ पर सिने अभिनेता विवेक ओबरॉय भी एक्सपो मार्ट पहुंचे।

इलेक्रामा प्रदर्शनी का उद्घाटन करने पहुंचे उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का स्वागत करते प्रदेश मंत्री सतीश महाना, मंडलायुक्त डा प्रभात कुमार, जिलाधिकारी बीएन सिंह, एसएसपी लव कुमार

जनपद की इकाइयों को भी मिलेगी उड़ान

रणजीत मिश्रा • ग्रेटर नोएडा

नॉलेज पार्क के इंडिया एक्सपो मार्ट में शनिवार से शुरू हुई पांच दिवसीय बिजली उपकरणों की प्रदर्शनी इलेक्रामा से जनपद के इकाइयों को भी उड़ान मिलेगी। बिजली उपकरण व पैनल बाक्स बनाने वाली इकाइयों का इस आयोजन से आत्मविश्वास बढ़ेगा। ये बातें ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक सेक्टर स्थित नित्य इलेक्ट्रो कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी प्रशांत श्रीवास्तव ने दैनिक जागरण के साथ बातचीत के दौरान कहीं। नित्य इलेक्ट्रो कंट्रोल्स ने भी इलेक्रामा 2018 में ग्रेटर नोएडा में तैयार एलवी मॉड्यूलर एमसीसी और एमवी बस डक्ट्स (एनएसपीबी, एसपीबी और आइपीबी) को प्रदर्शनी में लोगों के समक्ष रखा है। उन्होंने दावा किया है इस उत्पाद से बिजली के उत्पादन व खपत में काफी बचत होगी। साथ ही उन्होंने अगले पांच वर्षों के दौरान करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश करने का भी वादा किया है। यहां प्रदर्शित उत्पाद विद्युत ऊर्जा के ट्रांसफर, हैंडलिंग और वितरण के साथ सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है। हर छह माह में एक संयंत्र को ग्रेटर नोएडा इकाई में तैयार करने का लक्ष्य किया गया है। ग्रेटर नोएडा में तैयार बस डक्ट्स व एलवी मॉड्यूलर एमसीसी का उपयोग सभी तरह के बिजली उत्पादन संयंत्र, ट्रांसमिशन वितरण, आयल रिफाइनरी, सामग्री हैंडलिंग प्लांट में उपयोग किए जा रहे हैं। इस इकाई को एनटीपीसी, भेल, पावर ग्रिड कारपोरेशन, एनएमडीसी, एनएसआइसी, सैल, ओएसआइसी, राष्ट्रीय इस्पात निगम समेत अन्य फर्म का काम करने अधिकार प्राप्त है।